RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक

जोधपुर

माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 | अंक : 214 | 30 मई, 2023 | मूल्य : 30/-प्रति

एक दिन समाज एकता के नाम

माली महासंगम

सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक, राजनेतिक चेतना के लिए एक दिवसीय

स्थान:
विद्याधर नगर स्टेडियम, जयपुर

चलो जयपुर

रविवार
04
जून 2023
प्रातः 10.00 बजे से

हार्दिक बधाई

तुषार सैनी
44वां रैंक

योगेश सैनी
323 वीं रैंक

हरीश माली
674वीं रैंक

यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आईएएस बन समाज को गौरवान्वित करने पर हम सभी की ओर से बारम्बार आभार, अभिनंदन। तीनों युवाओं ने माता पिता के साथ ही समाज को गौरवान्वित किया है। हम सभी इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

गहलोत परिवार द्वारा शिक्षा के मंदिर हेतु 11 लाख की 15 बीघा भूमि संस्थान को भेंट

रामनिवास गहलोत, अशोक, अनिल, राजवीर व रणवीर रियांबड़ी हाल जोधपुर व दुबई निवासी ने माली संस्थान रियांबड़ी को रूपए 11,11,111 (ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपए) 15 बीघा भूमिदान हेतु राशी संस्थान को सप्रेम भेंट।

हम सभी गहलोत परिवार का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन करते हैं आपने महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले की विचारधारा से प्रभावित हो शिक्षा हेतु जो बहुमूल्य योगदान दिया उसके लिए समाज सदैव आपका ऋणी रहेगा हमें आप जैसे भामाशाह परिवार पर गर्व है।

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/496/2021-23

माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 19 ● अंक 213 ● 30 मई, 2023 ● ● मूल्य : 30/-प्रति ●

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण

श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम जोधपुर)

श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला
(समाजसेवी / भामाशाह)

श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी
(उद्योगपति / समाजसेवी)

श्रीमान प्रकाश चौहान
(उद्योगपति/भामाशाह)

श्रीमान नेमीचंद गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान पुखराज सांखला
(अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर)

डॉ. किशन माली
(शिक्षक/ समाजसेवी)

श्रीमान ब्रह्मसिंह चौहान
(जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, जोधपुर)

श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा
(उद्योगपति)

श्रीमान भगवानसिंह गहलोत
(उद्योगपति / भामाशाह)

श्रीमान युधिष्ठर सिंह परिहार
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान सुरेश सैनी
(समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) सुरेन्द्र देवड़ा
(हृदय रोग विशेषज्ञ, एम्स)

श्रीमान अशोक पंवार
(कॉन्ट्रेक्टर/भामाशाह)

श्रीमान संपतसिंह कच्छवाहा
(शिक्षाविद्/ समाजसेवी)

श्रीमान इंद्रसिंह सांखला
(समाजसेवी)

श्रीमान नरेश सांखला
(कॉन्ट्रेक्टर / समाजसेवी)

श्रीमान प्रवीण सिंह परिहार
(बिल्डर / उद्योगपति)

श्रीमान रामेश्वरलाल कच्छवाहा
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान (डॉ.) पवन परिहार
(शिशु रोग विशेषज्ञ, पावटा स्टेलाईट)

श्रीमान अरविंद कच्छवाहा
(व्यवसायी/समाजसेवी)

श्रीमान प्रीतम गहलोत
(व्यवसायी / समाजसेवी)

श्रीमान आर.पी. सिंह परिहार
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान बंशीलाल सैनी
(व्यवसायी/समाजसेवी)

सी.ए. श्रीमान महेश गहलोत
(उद्योगपति/समाजसेवी)

श्रीमान आदित्य सिंह गहलोत
(युवा राजनेता/समाजसेवी)

श्रीमान चंद्रसिंह देवड़ा
(समाजसेवी/उद्योगपति)

श्रीमान प्रकाश सिंह गहलोत
(कॉलोनाईजर/समाजसेवी)

श्रीमान दीपक सिंह गहलोत
(आईटी एक्सपर्ट/भामाशाह)

श्रीमान महेश गहलोत
(उद्योगपति/भामाशाह)

श्रीमान रामचंद्र सोलंकी
(पूर्व अध्यक्ष, रामदेवरा धर्मशाला)

ई. श्रीमान हरिसिंहजी पंवार
(MD, Teren Power PVt. Ltd.)

श्रीमान रोशनलाल कच्छवाह
(रीयल स्टेट / समाजसेवी)

माली सैनी संदेश संरक्षक सदस्यता अभियान में आपका हार्दिक स्वागत है

माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण

जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह (पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)

एडवोकेट श्रीमान पुरुषोत्तम सोलंकी (समाजसेवी, बाड़मेर)

श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत (पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)

श्रीमान रघुभाई देवड़ा (भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)

श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी (भेल इण्डिया, भोपाल)

श्रीमान नरपत सिंह सांखला (बिल्डर्स/समाजसेवी)

श्रीमान संतोक सिंह गहलोत (व्यवसायी/समाजसेवी)

श्रीमान तारासिंह सांखला (व्यवसायी/समाजसेवी)

संपादक की कलम से...

दुविधा त्यागने से ही मिलेगा सफलता का साथ

आज हमारी सबसे बड़ी समस्या यह हो गई है कि हम संकल्प और विकल्प में झूलते रहते हैं और कर्म में जुटने की हमारी शक्ति क्षीण होती जाती है। इस प्रवृत्ति का सबसे बड़ा और बुरा परिणाम यह हुआ है कि हम अपने कार्यों में प्राय: असफल हो रहे हैं। इसी कारण निराशा और अवसाद हमें जकड़ लेते हैं। किसी भी काम के लिए जाते हुए, हम जाने क्यों, संकल्प और विकल्प में फंस जाते हैं। आईएएस का फार्म भरूं तो पास भी हो पाऊंगा या नहीं ? नौकरी के लिए अप्लाई तो करूं, पर इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा या नहीं ? मित्र से मिलने जाने की सोचें, तो फिर वही कि जाने वो मिलेगा भी या नहीं ? सच कहूं, तो यह दुविधा हमारी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है और हम इसके ऐसे 'आदी' हो गए हैं कि दुविधा में पड़े रहकर जीवन की कर्मभूमि से भागकर, असफलताओं को अपना बना लेते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है ? उत्तर बहुत छोटा-सा है कि हम आलस्य के वशीभूत 'कर्म से भागने के आदी' हो जाते हैं और अवसरों का लाभ नहीं ले पाते।

इधर एक प्रेरक बोध कथा पढ़ने को मिली, जिसने मुझे नई रोशनी दी है। आज वह बोध कथा आप सब में साझा करना चाहता हूं : एक राजा को उपहार में किसी दूसरे राज्य के राजा ने बाज के दो बड़े ही सुंदर बच्चे भेंट किए, जो बड़ी ही अच्छी नस्ल के थे। उस राजा ने कभी इतने शानदार बाज नहीं देखे थे। राजा ने उन दोनों बाजों की देखभाल के लिए एक बड़े अनुभवी आदमी को नियुक्त कर दिया। जब कुछ महीने बीत गए, तो उत्सुकतावश राजा ने बाजों को देखने का मन बनाया। राजा वहां पहुंचा, जहां बाजों को पाला जा रहा था। राजा ने देखा कि दोनों बाज काफी बड़े हो चुके थे और पहले से भी शानदार लग रहे थे। राजा ने बाजों की देखभाल कर रहे आदमी से कहा, 'मैं इन दोनों की उड़ान देखना चाहता हूं। तुम इन्हें उड़ने का इशारा करो।' उस आदमी ने ऐसा ही किया। इशारा मिलते ही दोनों बाज उड़ान भरने लगे। राजा ने देखा कि जहां एक बाज खुले आसमान की ऊंचाइयों को छू रहा है, वहीं दूसरा बाज कुछ ऊपर जा कर लौट आया और वापस आकर उसी डाल पर बैठ गया, जिस डाल से वो उड़ा था।

यह देखकर राजा को बड़ा अजीब लगा और राजा ने उन दोनों को पालने वाले से पूछा, 'क्या बात है, जहां एक बाज इतनी अच्छी उड़ान भर रहा है, वहीं ये दूसरा बाज उड़ना ही नहीं चाहता ?' उन दोनों को पालने वाला बोला, 'हुजूर ! इस बाज के साथ शुरू से यही समस्या है, वो इस पेड़ की डाल को छोड़ता ही नहीं।' राजा को दोनों ही बाज प्रिय थे और वे अपने दूसरे बाज को भी उसी तरह उड़ते देखना चाहते थे। अगले ही दिन पूरे राज्य में ऐलान करा दिया गया कि जो भी व्यक्ति दूसरे बाज को ऊंचा उड़ाने में कामयाब होगा, उसे राजा द्वारा खूब इनाम दिया जाएगा। एक से एक शिकारी बाज को उड़ाने का प्रयास करने लगे। हफ्तों बीत जाने के बाद भी उस बाज का वही हाल था। वो थोड़ा-सा उड़ता और वापस आकर उसी पेड़ की डाल पर बैठ जाता था, जहां बाकी समय बैठा करता था। फिर एक दिन कुछ अनोखा नजारा राजा ने देखा कि उसके दोनों ही बाज आसमान में खूब ऊंचे उड़ रहे हैं। राजा ने तुरंत उस व्यक्ति का पता लगाने को कहा, जिसने ये कारनामा कर दिखाया था। पता चला कि वह व्यक्ति तो एक साधारण-सा किसान है।

अगले दिन उस किसान को दरबार में बुला कर, इनाम की स्वर्ण मुद्राएं भेंट करने के बाद, राजा ने कहा, 'मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूं। बस तुम इतना बताओ कि जो काम बड़े-बड़े शिकारी नहीं कर पाए, वो तुमने कैसे कर दिखाया ? इस बाज को तुमने कैसे उड़ना सिखाया है ?' विनम्रतापूर्वक किसान बोला, 'राजन, मैं तो एक साधारण-सा किसान हूं। मैं ज्ञान की ज्यादा बातें तो नहीं जानता। मैंने तो बस उस पेड़ की वह डाल ही काट दी थी, जिस पर बैठने का यह दूसरा बाज आदी हो चुका था। जब वो डाल ही नहीं रही, तो दूसरा बाज भी अपने साथी बाज के साथ ऊपर उड़ने लगा।' जीवन का सच भी यही है कि हम सबको भी ऊपर उठने के लिए तमाम तरह के 'अवगुणों की डाल' काटना अनिवार्य है। अपनी कमियों और कमजोरियों को ठीक किए बगैर जीवन में ऊंचाई पाने की कल्पना भी बेमानी ही होती है।

मनीष गहलोत
संपादक

किसी ने खूब कहा है : -

'मंजिलें तो उन्हीं को मिलती हैं, जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से सच में कुछ नहीं होता, हौसलों से ही उड़ान होती है !'

आइए, हम जीवन में 'गीता' की उस सीख को उतार लें, जिसने अर्जुन को कुरुक्षेत्र के युद्ध में विजयी बनाया। वह सीख यही तो है कि संकल्प और विकल्प की दुविधा को त्याग कर 'कर्म करो', फल हमारे हाथ में नहीं है, इसलिए उसकी चिंता कैसी ? कर्म मनुज का धर्म है, फल है प्रभु के हाथ। विकल्प छोड़, संकल्प लें, रहे सफलता साथ।'

जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान द्वारा नई दिल्ली के छात्रावास में प्रशिक्षण से प्रथम आईएएस सलेक्शन

माता पिता का साया उठा, गुरुजनों ने हाथ थाम बनाया आइएएस

यूपीएससी में तुषार सैनी ने 44वां रैंक तो योगेश सैनी ने 323 वीं रैंक हासिल की। राजस्थान के हरीश माली 674वीं रैंक प्राप्त की

दिल्ली। 23 मई, 2023 को यूपीएससी के घोषित हुए परिणामों में समाज के तीन युवाओं ने सफलता प्राप्त की है। रेवाड़ी हरियाणा के तुषार सैनी ने 44वां, योगेश सैनी ने 323 वीं और राजस्थान के सुमेरपुर के हरीश माली ने 674वीं रैंक हासिल कर समाज को गौरवान्वित किया है।

कामयाबी प्राप्त करनी है तो जरूरी नहीं कि सब दिन किताब हाथ में लेकर रहे। बेशक पांच घंटे पढ़ी लेकिन उन पांच घंटों में पूरा ध्यान किताब में होना चाहिए।

जो पढ़ा है याद होना चाहिए, यूपीएससी क्लीयर करने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। यह कहना है यूपीएस परीक्षा में समान्य वर्ग में 44वीं रैंक हासिल करने वाले तुषार कुमार सैनी का तुषार शहर की ही सती कालोनी के रहने वाले हैं। माता-पिता दोनों का साया सिर से उठ गया तो गुरूजनों ने उसका हाथ थामा। गुरु ने हाथ थामा ने और शिष्य ने कामयाबी का ताज सिर पर पहनकर उन्हें नमन करने में कोई कमी नहीं छोड़ी।

मम्मी-पापा के जाने के बाद लगा कि अब कुछ नहीं बना गुरुजन बोले आइएस बनकर दिखाओ तुषार कुमार बताते हैं कि चार साल पूर्व मां कमलेश सैनी का और दो साल पूर्व पिता ब्रजमोहन सैनी का निधन हो गया था। मम्मी-पापा के जाने के बाद लगा कि अब जीवन में कुछ नहीं बचा है। दस-बारह हजार की नौकरी करके बस गुजर बसर कर लेंगे। इसी दौरान विपिन कुमार शर्मा और शिक्षिका शीलजा जिनसे तुषार अकसर मार्गदर्शन लेता रहता था उन्होंने उसको परेशानी को समझा। विपिन शर्मा ने तुषार को समझाया कि तुम्हें आइएएस बनना है। यहीं माता-पिता के प्रति सच्चो श्रद्धांजलि ने इस सपने को पूरा होगी।

तुषार ने अपने सपने पूरे करने के लिए दिन रात एक कर दिए। गुरु विपिन शर्मा बताते हैं कि तुषार को अगर एक हजार लोगों के बीच भी बैठा दिया जाता तो भी वह अपनी किताब पढ़ते रहते थे। उनकी एकाग्रता को चुनौती देन कठिन है। तुषार ने अपनी बारहवीं तक की पढ़ाई शहर के ही राजकीय बाल विद्यालय से की। सरकारी स्कूल से बारहवीं करने के बाद बी.कॉम. केएलपी कालेज से की तुषार बताते हैं कि सुबह उठकर वह रोजाना समाचार पत्र जरूर पढ़ते हैं ताकि अपडेट रहें। तुषार के बड़े भाई राहुल का कहना है कि छोटे भाई ने सीना गर्व से चौड़ा कर दिया।

पिता का साया उठा तो मां ने हौसला बढ़ाया और योगेश सैनी बनें आइएस

इसी प्रकार रेवाड़ी के योगेश सैनी जिनके पिता का सपना था कि बेटा आइएएस बनें। करीब साल पूर्व पिता का साया सिर से उठ गये तो योगेश का मन भीतर तक टूट

चुका था। मां ने हौसला दिया और बेटे का हर कदम पर साथ दिया। बेटे ने भी पिता का सपना पूरा करने के लिए दिन रात एक कर दिया और यूपीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करके साबित कर दिया कि मन में अगर ठान लिय जाए तो कुछ भी नामुमकिन नहीं होता है। शहर के नसियाजी रोड निवास योगेश सैनी ने यूपीएसस की परीक्षा में 323वीं रैंक हासिल की है। योगेश को जिस समय यह सूचना मिली कि उनका यूपीएससी क्लीयर हो गया है, उस समय वह बिहारी जी के दर्शन कर रहे थे। जैसे ही सूचना मिली वह ट्रेन से रेवाड़ी पहुंचे। स्टेशन से घर तक उनको ढोल नगाड़ों के साथ लाया गया।

योगेश सैनी ने स्नातक के दौरान ही शुरू कर दी थी तैयारी योगेश ने बारहवीं कक्षा की पढ़ाई डीपीएस स्कूल से पूरी की। इसके बाद दिल्ली के हंसराज कालेज से बीएससी की पढ़ाई पूरी की। बीएसी करते हुए ही उन्होंने आइएएस की परीक्षा की भी तैयारी शुरू कर दी थी। योगेश बताते हैं कि उनका सपना आइएएस बनने का ही था। दरअसल योगेश के पिता स्वर्गीय दीपक सैनी चाहते थे कि बेटा आइएएस बनें। योगेश ने पिता का सपना पूरा कर दिया है। पिता के जाने के बाद मां तरुणा सैनी ने मां और बाप दोनों की भूमिका निभाई। बेटे को हर जरूरत को पूरा किय पल-पल उसके सथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही। भाई सूरज सैनी ने भी अपने छोटे भाई के सपने को पूरा कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी। भाई सूरज सैनी ने आइआइटी चेन्नई से एम.टेक. की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में चेन्नई की ही आइटी कंपनी में नौकरी कर रहे हैं। योगेश का कहना है कि दादी मूर्ति देवी का आशीर्वाद हमेशा ही उनके सथ रहा। योगेश की कामयाबी पर ताऊजी लक्ष्मण सैनी, विनोद सैन, संजय सैनी, ओमप्रकाश सैन, बीपी शर्मा, विनय नी आदि ने बधाई दी।

मांगीलाल माली ने 675वीं रैंक पाकर यूपीएससी क्लीयर किया

यूपीएससी परीक्षा 2022 के घोषित परिणाम में मांगीलाल माली एवं श्रीमती फैंसी देवी माली के पुत्र हरीश कुमार ने 674 वीं रैंक पाकर समाज का नाम उज्जवल किया है। हरीश कुमार पाली जिला के सुमेरपुर के रहने वाले हैं। मुखर्जी नगर दिल्ली में माली समाज के छात्रावास में रहकर कोचिंग कर सफल हुए हैं।

महात्मा फूले सामाजिक शिक्षण संस्थान के कोषाध्यक्ष रामलाल कच्छावा, महासचिव रामनारायण चौहान, संस्थान के सहयोगी पूर्व एडीएम कालूराम बुनकर ने श्री हरीश कुमार का छात्रावास के प्रशिक्षणार्थियों के बीच मिठाई खिलाकर और माला और बुके देकर सम्मानित किया। संस्थान के अध्यक्ष गंगाराम गहलोत पूर्व अध्यक्ष शंकरराव लिंगे,संयुक्त सचिव एडवोकेट अनुभव चंदेल,गुजरात के पंचाभाई माली, ईश्वर भाई माली, दीप माली, निकुंज माली सहित पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने हरीश कुमार के उज्जवल भविष्य की कामना की।

दिल्ली में समाज के यूपीएससी प्रशिक्षण लेने वालों के लिए छात्रावास की सुविधा प्रारंभ है। जिसमें 39 छात्र तथा 3 छात्राएं रहकर कोचिंग ले रही है। दिल्ली स्थित छात्रावास का हरीश कुमार पहला समाज का विद्यार्थी है जिसने यहां रहकर कड़ा परिश्रम कर यूपीएससी उत्तीर्ण कर समाज का गौरव बढ़ाया।

हम सभी समाज के युवाओं को इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं आप सभी ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत कर जो मुकाम हासिल किया है उससे आज की युवा पीढ़ी को सीख लेते हुए प्रण लेना चाहिए कि हम अगर ठान ले तो कोई भी कार्य नामुमकिन नहीं है। समाज की अनेकों संस्थाओं,प्रबुद्धजनों ने सभी को बधाईयां प्रेषित की है।

अष्ट्म सामूहिक विवाह समारोह में समाज के सभी वर्गों ने लिया भाग

सोजत में अग्नि को साक्षी मान 52 युगल बने हमसफर

सोजत। रामद्वारा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर पर मंगलवार को स्वामी चेतनगिरी महाराज के सान्निध्य में माली समाज का अष्टम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें पं पांचाराम जोशी के आचार्यत्व में 52 जोड़ों ने अग्नि के समक्ष फेरे लेकर एक-दूसरे का हाथ थामा।

सवेरे गाजे बाजे संग बारातें पहुंची। जहां विधिवत रूप से तोरण पूजन कराया गया। विवाह सम्मेलन में दिनभर मेले सा माहौल रहा। माली समाजबंधुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। इधर, बंदोली पर पथराव की घटना से माहौल गरमाने के बाद मंगलवार को सामूहिक विवाह में पुलिस बल तैनात रहा, हर ओर पुलिस की नजर रही। इससे शांतिपूर्ण आयोजन सम्पन्न हुआ। एक दिन पहले कलक्टर व एसपी ने सभी वर्ग के प्रतिनिधियों की बैठक कर शांति की अपील की थी। शहर में शांति का माहौल बना रहा।

स्वागत व वरमाला

विवाह स्थल पर बने विशाल पांडाल में वर वधुओं के लिए अलग अलग कुर्सियां लगाई गई। जहां दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को स्वामी चेतनगिरी महाराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरमालाएं पहनाई। समारोह के बाद तोरण रस्म अदा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अग्नि के समक्ष पाणिग्रहण संस्कार सम्पन्न हुआ समाजबंधुओं ने युगलों को आशीर्वाद दिया। इस मौके माली समाज अध्यक्ष चुतराराम गहलोत, उपाध्यक्ष लक्ष्मणराम गहलोत, सचिव मदन छोटेवाला, संरक्षक ताराचंद टांक, चौधरी मुन्नालाल तंवर, चौधरी लुंबाराम सांखला, चौधरी भैराराम पालरिया, लक्ष्मणराम सांखला, ऐश्वर्या सांखला, चम्पालाल सांखला, मिश्रीलाल सांखला, रमेश सांखला, राजेंद्र चौहान, तेजाराम पालरिया, बालमुकुंद गहलोत, मांगीलाल चौहान, महेन्द्र पालड़िया, कमलेश सांखला, गौरीशंकर सांखला, आनन्द भाटी, सोहनलाल टांक, राजेन्द्र चौहान, हरिकिशन चौहान सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजनों ने भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सलाहकार निरंजन आर्य, विधायक शोभा चौहान, जुगलकिशोर निकूंभ, अमितसिंह कच्छवाह, सच्ची कच्छवाह, नित्यानंद श्रवन महाराज, चौताला अध्यक्ष नारायणलाल भाटी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरपत सोलंकी, तहसीलदार दीपक सांखला, चेन्नई माली समाज अध्यक्ष मनोहरलाल गहलोत, पारसमल परिहार चेन्नई, माली समाज पाली अध्यक्ष हरिकिशन गहलोत, ऐश्वर्या सांखला, राजेश सांखला, मदनलाल टांक, अशोक जॉगिड़ समेत कई जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। उनका आयोजन समिति की ओर से बहुमान किया गया। भव्य आयोजन में समाज के सभी वर्गों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ज्ञात रहे सोजत सामूहिक विवाह के हर वर्ष होने वाले आयोजन में सोजत के आस पास अनेकों समाज बंधुओं की भी भागीदारी रहती है, और सामूहिक विवाह समारोह वाले दिन अन्य कोई विवाह आयोजन नहीं किया जाता है।

वर वधु को बाल विवाह व भ्रूण हत्या रोकने की शपथ

माली समाज के सामूहिक विवाह में 132 जोड़े बने हमसफर

हिण्डोली। आदर्श माली विकास समिति की ओर से बड़ोदिया में सामूहिक विवाह सम्मेलन में 132 जोड़ो का पाणिग्रहण संस्कार किया गया। सम्मेलन में जनसैलाब उमड़ पड़ा। वरमाला कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने सामूहिक विवाह को अपनाने और शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही।15 वां हाड़ौती माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति ग्राम बड़ोदिया हिंडोली के अध्यक्ष सत्यनारायण सुमन व प्रवक्ता नरेश सैनी कोटवाल ने बताया कि आदर्श माली विकास समिति बड़ोदिया में 132 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक सरोकार आदर्श व्यवस्था, अद्भुत कला संगम के साथ बड़ोदिया की जादुई झलक का उत्कृष्ठ नजारा था।

सभी वर वधु को बाल विवाह व भ्रूण हत्या रोकने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कोटा से पहुंचे अतिथि समाज सेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने संबोधन में सामूहिक विवाह सम्मेलन को अद्भुत कला संगम, बड़े आशीर्वाद समारोह की तरह नजारा था। मेरे जीवन में इतना अद्भुत सामूहिक विवाह सम्मेलन नही देखा वर वधुपक्ष को सलाह दी कि सम्मेलन के बाद में आशीर्वाद समारोह ना करें एवं बचत राशि से शिक्षा और रोजगार में उपयोग करें। मंच से सामूहिक विवाह सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा 12 प्रतिशत आरक्षण की मांगों का पुरजोर समर्थन किया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में अनूठी पानी की व्यवस्था थी जिसमे लकड़ियों की खपचियो के मंच पर एक दर्जनों नल व्यवस्था नि:शुल्क गन्ने का रस स्टश्वल स्वच्छता संदेश, मूर्ति कला का संगम और फव्वारों के साथ दूधिया रोशनी और बड़ोदिया की कला का जादू ने बरबस ही सबको आकर्षित किया। रात्रिकाल में वर वधु वरमाला का आयोजन भव्य मंच पर आतिशबाजी के साथ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व ब्लॉक हिंडोली दिनेश शर्मा, सरपंच बड़ोदिया राधेश्याम गुप्ता, माली समाज बूंदी जिलाध्यक्ष सीताराम सैनी, सत्यनारायण सैनी, फंदीलाल सैनी, मथुरा देवी, अजय गुर्जर मौजूद रहे। साथ ही पूर्व कृषि मंत्री द्वारा समाज को सामूहिक विवाह सम्मेलन अपनाने व शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। इस दौरान सभी अतिथियों का सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा स्वागत सत्कार किया। दोपहर कलश यात्रा और देव यात्रा में कोटा से अतिथि समाज सेवी डॉ. दुर्गा शंकर सैनी एवं मेवालाल बलंडिया, हेमंत सुमन, बिरधी लाल, बूंदी से जगदीश सुमन, शंकर लाल, भैरूलाल पटेल, सरपंच राम लाल सैनी, किशन सैनी, केसरी लाल सैनी का आयोजन समिति द्वारा दुपट्टा धारण करावाकर स्वागत सत्कार किया। अध्यक्ष सत्यनारायण व शिवराज ने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित दिया।

बांदीकुई में सैनी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 17 जोड़े बने एक-दूजे के हमसफर

बांदीकुई। महात्मा ज्योतिबा फुले सामाजिक एवं शैक्षिक विकास संस्थान बांदीकुई के तत्वावधान में आयोजित हुए 12वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के 17 जोड़े एक दूजे के हम सफर बने। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर शहर के पंडितपुरा रोड पर विवाह स्थल को लेकर पांडाल तैयार किया गया। पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ फेरे करवाए।

इस मौके पर सम्मेलन में पहुंचे समाज के वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन से फिजूल खर्ची नहीं होती । इस प्रकार के आयोजन महासभा के अध्यक्ष छुट्टनलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, बिरदीचंद संगोदिया, शंकरलाल सैनी, जयपुर शहर अध्यक्ष रमेश सैनी, प्रबंध समिति सैनी आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान अध्यक्ष मुकेश सैनी, महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान अध्यक्ष मिंटूराम सैनी, पार्षद गिर्राज सैनी, पूर्व जिप सदस्य महेश सैनी, सुनीता सैनी, पूर्व सरपंच रामकरण सैनी, त्रिलोक सैनी सहित अन्य ने भी विचार व्यक्त किए।

नव विवाहित जोड़ों को ये दिए उपहार

सामूहिक विवाह सम्मेलन में समाज के भामाशाहों की ओर से नवविवाहित

जोड़ों को जमकर उपहार दिए। युवा बोर्ड के पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र सैनी ने सभी को एक-एक एलईडी, समाजसेवी भागचंद सैनी टांकड़ा ने एक-एक पंखे, सहित समाज के अन्य भामाशाहों ने बैड, कूलर, मिक्सी, चांदी की पायजेब, सोने की बाली, अंगूठी, घडी, प्रेस, रुम हीटर सहित अन्य सामान उपहार स्वरुप दिए गए।

जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभान्वित- अशोक गहलोत

राजसमंद। अखिल भारतीय सगरवंशी माली समाज द्वारा आयोजित 'सतचंडी नवकुण्ड महायज्ञ' के समापन समारोह में राजस्थान के मुख्यमंत्री सम्मिलित होते हुए जगत जननी माता जगदंबा को समर्पित इस कार्यक्रम में राजस्थान हेतु मंगल कामना की। हल्दी घाटी युवा महोत्सव के शुभारम्भ के बाद श्री गहलोत राजसमंद जिले के कनवेरा नगर (भीलमगरा) ग्राम में अखिल भारतीय सगरवंशी माली समाज द्वारा आयोजित सतचंडी नवकुंड महायज्ञ के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश की गौशालाओं को नौ महीने तथा नंदी शालाओं को बारह महीने का अनुदान दिया जा रहा है। हर परिवार के दो दुधारू पशुओं का प्रति पशु 40 हजार का बीमा कवर भी राज्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है। साथ ही प्रति माह निःशुल्क राशन भी दिया जा रहा है। गैस की टंकी भी राज्य सरकार द्वारा केवल 500 रू. में उपलब्ध करवाई जा रही है। 100 यूनिट निःशुल्क घरेलू बिजली से अधिकांश घरों का बिजली बिल शून्य हो जायेगा। सामाजिक सुरक्षा के तहत न्यूनतम 1000 रुपए मासिक पेंशन तथा विद्यार्थियों को अनुप्रति कोचिंग योजना में निःशुल्क कोचिंग भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

देश के इतिहास में पहली बार तोपखाना रेजिमेंट में महिला अफसरों की नियुक्ति

हिसार की बेटी महक सैनी तोप-राकेट पर आएमाएगीं हाथ

हिसा। हिसार की बेटी महक सैनी अब सेना के अग्रिम मोर्चे पर तोप और राकेट पर हाथ आजमाएंगी। सेना के इतिहास में पहली बार आर्टिलरी रेजिमेंट (तोपखाना रेजिमेंट) में तैनाती पाने वाली पांच महिला अधिकारियों में महक सैनी भी शामिल हैं। बेटी को सेना की वर्दी में देख परिवार का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है।

महक ने अपने परिवार की सैन्य परंपरा को आगे बढ़ाया है। महक के पिता सतीश कुमार सैनी ने कहा कि आज खुशी है कि बेटी भी सेना में है। यह परिवार की तीसरी पीढ़ी है। महक का परिवार हिसार के सेक्टर-16-17 में रहता है। महक ने बचपन से ही घर में सेना की वर्दी देखी। दादा और बाद में पिता की वर्दी देखकर उसको भी सेना वर्दी पहनने का सपना मन में संजोया। इसी सपने को साकार करने के लिए एनसीसी से जुड़ी और मेहनत की। पढ़ाई में भी बचपन से ही होशियार थी। साइक्लोजी ऑनर्स विषय चुना। एनसीसी में टाप कैडेट रहीं और यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में वियतनाम के लिए चयनित हुई। बाद एनसीसी की मैरिट में छठें नंबर पर रहीं। इस बार सीडीएस में उसका चयन हुआ इसके और सपना पूरा हो गया। चेन्नई में ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए) में हुए प्रशिक्षण में महक ओवरआल तीसरे स्थान पर रही और ब्रांच पदक के साथ सम्मानित हुई।

तीसरी पीढ़ी सेना में आई : महक के दादा दयानंद सैनी भारतीय सेना में जेसीओ सूबेदार रहे। उनके पिता सतीश कुमार सैनी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। मां गीतांजलि मिलिट्री स्कूल में शिक्षिका रही हैं। भाई अक्षित सैनी दिल्ली यूनिवर्सिटी से बीए कर रहा है। पिता की ट्रांसफर देश के अलग अलग राज्यों में होने के कारण महक की पढ़ाई भी देश के अलग अलग राज्यों में हुई। महक का जन्म बठिंडा के मिलिट्री अस्पताल में हुआ। उसके बाद प्राथमिक पढ़ाई जबलपुर, बरेली, श्रीनगर, चेन्नई, लखनऊ, झांसी व दिल्ली में हुई। दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडिज श्रीराम कालेज से साइक्लोजी आनर्स में ग्रेजुएशन की। इस दौरान एनसीसी से जुड़ी रही।

सेक्टर 16-17 निवासी महक सैनी भारतीय सेना के तोपखाना रेजिमेंट में तैनात होने वाली महिला अफसर वर्दी के जुनून ने दी सैन्य अफसर बनने की प्रेरणा, परिवार की सैन्य परंपरा को बेटी ने बढ़ाया आगे। हमे महक की इस उपलब्धि पर गर्व है आपने माता पिता के साथ समाज और विशेषकर महिलाओं युवाओं के लिए एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है।

माली समाज ने मांगा 12 फीसदी आरक्षण

माली छात्रावास में हुई महापंचायत

एकजुटता से लड़ने का आह्वान्

हिण्डोली। माली आरक्षण संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को माली छात्रावास में महापंचायत हुई। इसमें बूंदी, कोटा जिले से भी सदस्य पहुंचे। महापंचायत में समाज को 12 प्रतिशत आरक्षण सहित 7 मांगों को लेकर हुई चर्चा।

महापंचायत को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि आजादी के बाद भी माली समाज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। ऐसे में समाज को आरक्षण की दरकार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संख्या बल के आधार पर मांगें मनवाई जाती हैं। इसके लिए समाज को एकजुट होकर सरकार को ताकत दिखानी होगी। अशोक सैनी भादरा ने कहा राजस्थान में माली समाज बहुत सख्या में हैं। ऐसे में समाज एकजुट हो जाएं तो प्रदेश में राजनीतिक पार्टियां उनके प्रत्याशियों को तलाशते फिरेंगी। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के के राष्ट्रीय राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सैनी ने कहा कि समाज 12 फीसदी आरक्षण के लिए पूरे प्रदेश में एक साथ आंदोलन करेगा। प्रदेश माली आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारीलाल सैनी ने कहा कि माली समाज 12 फीसदी आरक्षण लेकर रहेंगे। अभी समय है समाज एकजुट हो जाए। उन्होंने 4 जून को जयपुर में आयोजित महा संगम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। महा पंचायत को प्रदेश अध्यक्ष दीपक सैनी, कोटा संभाग प्रभारी रामलाल सैनी, नंद लाल सैनी, कोटा-बूंदी जिला आरक्षण संघर्ष समिति संयोजक प्रेम सैनी, सह संयोजक मुकेश कोटवाल, आरक्षण संघर्ष समिति कोषाध्यक्ष भोजराज सुमन, सचिव ब्रजमोहन सैनी, माली विकास समिति जिला अध्यक्ष सीताराम सैनी, मुकेश सैनी, ईश्वर सैनी, लोकेश सैनी, पोखर लाल सैनी, नंदलाल सुमन, शोजीलाल सैनी, कोटा से पार्षद राकेश पुतरा, महावीर सुमन, हेमंत सुमन, नैनवा संघर्ष समिति संयोजक सीताराम सैनी, महेन्द्र गहलोत, परमेश्वर सैनी, मथुरा देवी, सीता भाटी, नरेश कोटवाल, केसरी लाल सुमन, प्रेम सैनी, ईश्वर सैनी, लोकेश सैनी, मुरारी लाल सैनी, भूपेंद्र सैनी विष्णु कुशवाहा, सोनिया सैनी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नरेश कोटवाल ने किया।

राजनीति में हिम्मत धीरज व शिक्षा जरूरी

पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने कहा कि राजनीति में आगे बढ़ने के लिए धीरज, हिम्मत व शिक्षा की महती आवश्यकता है। सैनी बुधवार 11 मई को माली छात्रावास में आयोजित महापंचायत में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओबीसी आरक्षण सर्वेक्षण के लिए जिला कलेक्टर से पिछड़ी जातियों के नाम भिजवाने को कहा है। उन्होंने कहा कि कई जातियां अभी भी दयनीय हालत में हैं। उन्हें राहत पहुंचाई जाए। सैनी ने कहा कि सरकार ने फुले बोर्ड का घोषणा कर दी, लेकिन गठन नहीं किया। फुले बोर्ड का गठन जल्द से जल्द किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार संविधान में 127 वे संशोधन में राज्य सरकार चाहे तो आरक्षण का प्रावधान कर सकती हैं। संविधान की मंशा अनुरूप अति पिछड़ी जातियों को आरक्षण दिया जाए।

विद्या ऋण: महावीर सिंह कच्छवाह ने राबाउमावि किसान कन्या नागौरी बेरा में किया शिलान्यास

60 साल पहले जहां पढ़े ; वहीं 10 लाख से बनांएगे सभागार

जोधपुर। विद्या का ऋण एकलव्य ने गुरु को अंगूठा देकर चुकाया था। आज भी कई लोग विद्या ऋण को उतारने में पीछे नहीं रहते। ऐसी ही शख्सियत है महावीर सिंह कच्छवाह वे पहले नागौरी बेरा में रहते थे। 73 साल के कच्छवाह ने 60 साल पहले नागौरी बेरा क्षेत्र की राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल किसान कन्या में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की थी। उनके मन में स्कूल के प्रति कुछ करने की भावना थी। बुद्ध पूर्णिमा को वे अपने भाई प्रदीप सिंह कच्छवाह और किशोर सिंह कच्छवाह के साथ पहुंचे और स्कूल में सभागार बनाने की इच्छा जताई। कच्छवाह ने बताया कि 60 साल पहले गली-कूंचे की जिस स्कूल में वे पढ़े वहां विकास कार्य करवाने की इच्छा थी। मगर समय और परिस्थितियों ने इजाजत नहीं दी। अब जब मौका मिला तो उन्होंने स्कूल के विकास में अपना छोटा सा योगदान देने की सोची। अब वे यहां 10 लाख रुपए की लागत से सभागार बनवाएंगे। बुद्ध पूर्णिमा को उन्होंने स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार सांखला के साथ सभागार का शिलान्यास किया। 60 साल पहले सह शिक्षा का प्रावधान था कच्छवाह ने बताया कि 60 साल पहले स्कूलें कम थी। अधिकतर सरकारी स्कूलों में सह शिक्षा का प्रावधान था। लड़के-लड़की साथ पढ़ते थे। इसी स्कूल में उन्होंने प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने नागौरी बेरा क्षेत्र की स्कूल में सहयोग देकर विद्या ऋण उतारने की ठानी। शिलान्यास के साथ ही काम शुरू हो गया है। इस मौके पर बलवंत सिंह कच्छवाह, नरपतसिंह, प्रेमराज परिहार, सरस्वती परिहार, धीरज और देवेंद्र गहलोत उपस्थित थे।

संस्था प्रधान सांखला ने बताया कि शाला में चल रहे निर्माण कार्यो के लिए दमयंती कच्छवाह ने 51,000 रुपए, नरेश सांखला ने 51,000 और रामकिशोर राठी ने भी 1 लाख 25 हजार रुपए उपलब्ध करवाए। संस्था परिवार सभी का आभारी है। ज्ञात रहे हमारे पूर्वजों ने दशकों पूर्व समाज की बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए इस विद्यालय की स्थापना की थी। हमारे पूर्वज शिक्षा के प्रति कितने सजग थे यह इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे समाज की ही सुमेर स्कूल 125 साल से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाएं हुए है। हमारे समाज के पूर्वजों, भामाशाहों और विद्यालय में सहयोग करने वाले सभी वर्गो का विद्यालय परिवार आभार प्रकट करता है।



अब रक्तदान के लिए एसी हॉल, लिफ्ट के साथ तीन मंजिला बिल्डिंग में कोई भी रक्तदान शिविर का आयोजन करने वालो की किराया देने से मिलेगी मुक्ति

निर्मल गहलोत द्वारा सभी के लिए नि:शुल्क सर्वसुविधा युक्त रक्तदान सेंटर का निर्माण

जोधपुर। जोधपुर के उम्मेद अस्पताल से महज 200 मीटर, महात्मा गांधी व मथुरादास माथुर अस्पताल से क्रमश: 1.5 व 2.0 किमी की दूरी पर गीता भवन के सामने तीसरी चौपासनी रोड़ पर समाज गौरव डॉ. निर्मल गहलोत द्वारा रक्तदान सेंटर के निर्माण हेतु प्लॉट अपनी पूज्य माताजी के नाम से खरीदा है सेवा के एक नये प्रकल्प 'रक्तदान सेंटर'(Blood Donation Center) के लिए।

जोधपुर शहर के हृदय स्थल पर विभिन्न अस्पतालों व निर्मल गहलोत के उत्कर्ष कोचिंग सेंटर्स से वॉकिंग डिस्टेंस पर स्थित इस प्लॉट पर लिफ्ट सुविधा के साथ बनने वाले तीन मंजिला भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाने वाली संस्थाओं व व्यक्तियों के लिए हॉल, पलंग, कुर्सियाँ, टेबल, रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था इत्यादि सभी तरह की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। कोई भी संस्था या व्यक्ति जो रक्तदान शिविर का आयोजन करवाना चाहे उन्हें केवल रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए व पसंदीदा ब्लड बैंक को रक्त संग्रहण के लिए सूचित करना है, (हमारे पास भी सूची रहेगी, हम भी सूचना प्रसारण में सहयोग कर सकते हैं) बाकी सारी व्यवस्था इस भवन में उनको रेडिमेड मिलेगी। किसी प्रकार के अरेंजमेंट करने की आवश्यकता नहीं होगी।

सेवा के इस अनूठे प्रकल्प के लिए बनने वाले नये भवन के निर्माण के बाद रक्तदान शिविरों का आयोजन आसान हो जाने से उन व्यक्तियों व संस्थाओं को नियमित शिविर कराने के लिए विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। उन्हें स्थान का चयन, विभिन्न व्यवस्थाओं, खर्चे इत्यादि से निजात मिल जायेगा। मैंने जोधपुर में रिसर्च के आधार पर पाया है कि ब्लड बैंक व रक्तदाता दोनों ही यहां पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है, आवश्यकता है तो नियमित रूप से बल्ड डोनेशन कैम्प की और जब एक्सलूजिव ब्लड डोनेशन कैम्प के लिए ही समर्पित सर्वसुविधायुक्त अत्याधुनिक तकनीकों से युक्त वातानुकूलित भवन उपलब्ध हो जायेगा तो रक्तदान शिविरों की संख्या में भी वृद्धि हो जायेगी। जैसे मन में विचार है उसी के अनुरूप सेवा का यह प्रकल्प जल्दी तैयार हो जाये परमात्मा से यही कामना है।

हम सभी अंचभित है निर्मल गहलोत के सेवाभावी सोच के जिसका कहीं अंत नहीं है। इनको ईश्वरीय वरदान मिला है आपको जो ऐसे सेवा कार्य करते है जिससे सर्व समाज का कल्याण होता है। अब तो निर्मल गहलोत की प्रशंसा के लि शब्द भी कम पड़ रहे। हम सभी की प्रार्थना है कि ईश्वर आपको दीर्घायु स्वस्थ जीवन प्रदान करे और आप नित नए सेवा कार्यो से सभी को लाभान्वित करते रहे।

ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की त्रैमासिक

जो पार्टी ज्यादा टिकट देगी, हमारा समाज उसी को वोट देगा – सैनी

पुष्कर। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज (रजि) की इस वर्ष की प्रथम त्रिमासिक बैठक पुष्कर की बामदेव रोड़ स्थित होटल चौहान सेरेटन मे संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक इंद्रराज सिंह सैनी के सानिध्य में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य रूप से माली समाज को जनसंख्या के आधार पर राजनैतिक दलों में हिस्सेदारी की पुरजोर मांग की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी ने कहा कि प्रदेश के आगामी चुनावों में जो भी राजनैतिक पार्टियां समाज के प्रत्याशियों को ज्यादा टिकिट देगी समाज उसी के पक्ष में वोट करेगी। उन्होंने दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों पर समाज की उपेक्षा करने का खुला आरोप लगाते हुए कहा कि अब समय मांगने का नहीं है बल्कि छीन कर लेने का है। गौ सेवा आयोग के सदस्य मोतीलाल सांखला एवं संस्था ने आगामी 4 जून को आयोजित माली महासंगम को सफल बनाने का समर्थन दिया एवं सभी से निवेदन किया गया कि समाजिक चेतना हेतु माली महासंगम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सफल बनाने का संकल्प दिलाया गया। संस्था की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने महिलाओं को एकजुट होकर सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक क्षेत्र में मजबूत होने का आह्वान किया।

युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने युवा इकाई के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा वर्तमान समय में युवाओं को राजनीतिक प्रशिक्षण दिए जाने तथा सोशल मीडिया पर सामाजिक गतिविधियों का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार करने का जोर दिया गया। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने संस्था के उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी बताई गई। प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम दगदी ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार सभी अतिथियों का भव्य स्वागत साफा, माला, मोमेंटो देकर किया गया। संस्था के कोषाध्यक्ष आजाद सिंह सैनी ने आय व्यय के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सिंह सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष सेवाराम दगदी ने नवनियुक्त राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर मान सम्मान दिया गया। मीटिंग में सोजत के सोहनलाल टांक को प्रदेश महासचिव एवं जैतारण के रामदेव सोलंकी को प्रदेश संगठन मंत्री एवं सोजत के ताराचंद सैनी को पाली जिला अध्यक्ष की नियुक्ति दी गई।

युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी ने बताया कि संस्था 1990 से सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में निरंतर कार्यरत हैं। मीटिंग में उत्तर प्रदेश के पूर्व सांसद परमेश्वर राम सैनी, संरक्षक ग्यारसी लाल सैनी, सलाहकार समिति के राष्ट्रीय संयोजक ताराचंद सैनी, कोर कमेटी चेयरमैन दिनेश सैनी, आईदान राम भाटी, राधेश्याम सैनी, महिला महासचिव रेखा सैनी, शुभलता सैनी सहित अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संपूर्ण भारत के प्रदेश गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड आदि से गणमान्य समाज बंधुओं के पधारने पर प्रदेश अध्यक्ष दगदी ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

विश्व परिवार दिवस विशेष

185 सदस्यों का संयुक्त परिवार, मुखिया मोतीलाल माली सभी एक साथ रहते

185 लोगों का परिवार, लंच-डिनर का खर्च 12 लाख रू. 84 कमरों के 6 मकान, 700 बीघा जमीन कमाई 2 करोड

एक कथन है- बच्चा जब तक अजन्मा होता है, मां की कोख उसकी ढाल होती है और जब पैदा होने के बाद आखिरी सांस तक परिवार उसका सुरक्षा कवच होता है।

इस कथन की जीती जागती मिसाल है अजमेर के रामसर गांव में रहने वाला मोहनलाल माली का परिवार। परिवार, जिसमें 185 सदस्य हैं। हाल में फिल्म अभिनेता विक्की कौशल और सारा अली खान एक फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में हमारे समाज के इससंयुक्त परिवार से प्रेरणा ले अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए उनके गांव पहुंच रहे है बॉलीवुड सेलिब्रिटी विक्की कौशल और सारा अली खान 21 मई, 23 को अजमेर के गांव रामसर पहुंचे। यहां 185 लोगों के मोहनलाल माली के परिवार से मिले। दोनों ने इस परिवार की महिलाओं के साथ रसोई में चूल्हे पर रोटियां सेंकी। रोटी और भिंडी की सब्जी खाई। राजस्थान गानों पर जमकर डांस किया।

185 लोगों के परिवार का घर कितना बड़ा होगा? इतने लोगों के खाने पर कितना खर्च हो जाता होगा? परिवार की इनकम कितनी है?ऐसे ही कई सवालों के जवाब दिए परिवार के मुखिया मोहनलाल माली ने।

परिवार के सभी सदस्यों के लिए आसपास में परिवार के 6 मकान बने हुए हैं, जिनमें 84 कमरे हैं। एक बड़ी रसोई जिसमें खाना बनाने के लिए 11 चूल्हे लगे हुए हैं।

घर के मुखिया मोहनलाल ने बताया कि सिर्फ रसोई के राशन पर ही हर महीने 12 लाख रुपए खर्च हो जाते हैं। बच्चों के बिस्किट, टॉफी पर 1 लाख। 6 पीढ़ियों के 185 सदस्यों वाले इस परिवार के पास 700 बीघा जमीन है। कुछ सदस्य सरकारी नौकरी और कुछ डेयरी सहित दूसरे कामों से जुड़े हैं, लेकिन ज्यादातर खेती करते हैं। परिवार की सालाना कमाई 2 करोड़ रुपए है। परिवार की स्थिति हमेशा से इतनी मजबूत नहीं थी। शुरुआत में सिर्फ 4 बीघा जमीन थी और रहने के लिए 30 कमरे। फिर जैसे-जैसे परिवार बढ़ता गया, ताकत भी बढ़ती गई।

इस परिवार की रसोई। इसमें अलग-अलग 11 चूल्हे बने हैं। सभी महिलाएं एक साथ बैठकर खाना बनाती हैं। परिवार के मुखिया मोहनलाल ने बताया-पिता सुल्तान माली ने हमेशा एक साथ रहने की सीख दी। हम छह भाई थे। मेरे से बडेड भंवरलाल व रामचन्द्र का देहान्त हो चुका है, लेकिन वह खुद और उनके तीन छोटे भाई छगनलाल, छोटूलाल, बिरदीचंद हैं। आज भी छह भाइयों का परिवार साथ रहता है। इसमें 65 पुरुष, 60 महिलाएं व 60 बच्चे हैं।

पिता के समय बड़ा भाई एक सेठ के यहां हाली (नौकरी) करता था। केवल चार बीघा जमीन थी। बाद में सब साथ रहने लगे और काम-कमाई करने लगे। सब मिलजुल कर प्रेम से रहते थे और खेती-बाड़ी व डेयरी का काम करते थे। आज काम धंधे बहुत सारे हैं और कुछ लोग नौकरियां भी करते है। यह जॉइंट फैमिली का ही परिणाम है कि 700 बीघा जमीन है और कई काम धंधे है। ऐसे में आज परिवार बहुत समृद्ध है।

छह मकान के 84 कमरों में रहता परिवार

परिवार के लोगों ने बताया कि पहले एक ही मकान था, जिसमें 30 कमरे थे। जब परिवार बढ़ा तो जगह कम पड़ने लगी। इसके बाद एक मकान और बनाया, जिसमें 15 कमरे थे। इसके बाद 12 कमरों, आठ कमरों, पांच कमरों व 4 कमरों का मकान और बने। इस प्रकार कुल छह मकानों में 84 कमरे हैं। वर्तमान में सभी लोग यहीं पर रहते है।

संयुक्त परिवार से हर मुश्किल हो जाती है आसान

घर की महिला आचुकी देवी ने बताया कि महिलाएं बारी-बारी से अपना काम करती हैं। सुबह चार-पांच बजे उठ जाती हैं। खाना बनाने वाली खाना बनाती हैं और खेती व पशुपालन का काम करने वाली अपना काम। कभी कोई परेशानी नहीं होती। जॉइंट फैमिली है तो कभी एक पर काम का भार भी नहीं पड़ता। सब मिलजुल कर लेते हैं। परिवार है तो छोटी-मोटी बातें होती हैं, लेकिन आपस में

मिलजुल कर ही समस्या का समाधान कर लेते हैं। ज्यादा दिन या देर तक कोई नाराजगी नहीं रहती।

11 चूल्हों पर बनती है 65 किलो आटे की रोटियां

इतने बड़े परिवार के लिए भोजन की व्यवस्था आसान नहीं है, लेकिन इसके लिए सब कुछ मुखिया की ओर से तय किया गया है। घर की रसोई में बने 11 चूल्हों पर भोजन तैयार होता है।

सुबह चार बजे उठती हैं परिवार की महिलाएं

मुखिया के छोटे भाई छोटूलाल ने बताया कि महिलाएं सुबह चार बजे उठती हैं। झाड़ू-पोंछा करने के बाद करीब 10 महिलाएं सुबह के खाने की तैयारी में जुटती हैं। बाकी महिलाएं खेती-बाड़ी, पशुपालन के काम में लग जाती हैं। करीब 40 किलो आटा सुबह व 25 किलो आटा शाम को लगता है। सुबह ज्यादा आटा इसलिए लगता है कि बच्चे हैं तो दिनभर में कभी भी रोटी खा लेते हैं। 10 चूल्हों पर रोटी बनती है और एक चूल्हे पर अलग-अलग सब्जियां।

थोक में आते हैं फल, घर पर हलवाई बनाता मिठाई

मुखिया के ही छोटे भाई बिरदीचंद ने बताया कि घर में फल थोक में आते हैं। आम, अंगूर सबके कैरेट आते हैं। खरीदारी भी मंडी से करते हैं। इनकी मात्रा 100-50 किलो से कम नहीं होती। जिस दिन मिठाई खाने की इच्छा होती है तो हलवाई को बुलाते हैं और घर पर मिठाई तैयार की जाती है।

वर्तमान में यह है कमाई का जरिया

मोहनलाल बताते हैं कि शुरुआत में परिवार पूरी तरह खेती-बाड़ी व पशुपालन पर ही निर्भर था। जैसे-जैसे सदस्य बढ़े, काम-धंधे भी बढ़ते गए। पहले डेयरी खोली और फिर बिल्डिंग के मटेरियल को प्रोवाइड करवाने का काम शुरू किया। इसके बाद एक्लास ठेकेदार भी बन गए।

खेती-बाड़ी भी करना आसान काम नहीं

परिवार के पास 700 बीघा जमीन है। आठ ट्रैक्टर खेती-बाड़ी में लगे हैं। घर की तरह खेत में भी बारी-बारी से सबके काम तय किए जाते हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि खेती-बाड़ी के साथ पशुपालन भी करना पड़ता है, जॉइंट फैमिली होने के कारण सब आसानी से हो जाता है।

पशुपालन-खेती में किए कई प्रयोग, सीएम कर चुके सम्मानित

परिवार के बिरदीचंद ने बताया कि खेती भी पारंपरिक तरीके से करने के बजाय हाइटेक तरीके से करते हैं। इसके लिए वे हरियाणा, पंजाब तक घूमकर आए, वहां देखा, उसे यहां करने का प्रयास किया। दूध डेयरी के लिए भी प्रयास किए। करीब आठ लाख रुपए माह का दूध होता है। बड़े भाई व छोटे भाइयों के साथ ज्यादा मुनाफा व ज्यादा उपज लेने के लिए कई प्रयोग किए। 2014 में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व 2021 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेहतर किसान का सम्मान दिया।

सीसीटीवी से नजर, सोलर से बिजली

परिवार के ही सत्येन्द्र माली ने बताया कि वे भले ही गांव में रहते हैं, लेकिन सुविधाएं शहर के मुताबिक है। हमने छह घर, दुकानों व अन्य जगह 40 से ज्यादा सीसीटीवी लगा रखे हैं। बिजली चली भी जाए तो हमारे यहां अंधेरा नहीं होता। सोलर सिस्टम भी लगा रखा है।

सरपंच भी रहे, वार्ड पंच भी, चुनावों में अहम परिवार

परिवार से एक महिला अनिता सरपंच रह चुकी हैं। वह 2016 से 2021 तक सरपंच रहीं। कई बार वार्ड पंच भी रह चुके हैं। इसी प्रकार छोटी देवी सीआर का चुनाव भाजपा से लड़ीं, लेकिन हार गई। इस परिवार में 125 वोटर हैं और ऐसे में चुनाव के दौरान इस परिवार की भूमिका अहम होती है। ग्राम पंचायत स्तर के चुनाव में हार-जीत के फैसले में इस परिवार की बहुत भूमिका होती है।

गांव के विकास में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी- अनिता

अनिता देवी ने बताया कि जब वह दस साल पहले सरपंच बनी तो गांव के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी। वह पांचवीं पास थीं, लेकिन सड़क बनाई, हैंडपंप खुदवाए। गांव के लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा देने के लिए हर वो प्रयास किया गया, जो जरूरी था। बाद में आरक्षित सीट होने के कारण उनके परिवार को मौका नहीं मिला।

इन सवालों पर परिवार के मुखिया मोहनलाल के जवाब....

सवाल- **परिवार में कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं होता?**

